# ट्रेड शो से एक्सपोर्ट सेक्टर को मिलेगा बूस्ट




## 4,000 करोड़ रुपये के ऑर्डर मिलने की आस

**80** देशों के 600 इंपोर्टर आएंगे

**2,000** से 2,300 ODOP विक्रेता हिस्सा लेंगे

■ **NBT रिपोर्ट, लखनऊ:** नोएडा में होने वाला यूपी इंटरनैशनल ट्रेड शो (यूपीआईटीएस) प्रदेश के निर्यात को नई रफ्तार देगा। इसमें प्रदेश के MSME और ODOP कारोबारियों को 4000 करोड़ से अधिक के ऑर्डर मिल सकते हैं।

शो में 80 देशों के करीब 600 आयातक हिस्सा लेंगे। MSME विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक, शो में दुनियाभर से आने वाले आयातकों से वन टू वन मीटिंग होगी। साथ ही उत्पादों और राज्य सरकार की पॉलिसी पर अलग-अलग सेशन भी होंगे।

**FTA वाले देशों पर खास फोकस:** निर्यातक संस्था फिओ के स्टेट हेड आलोक श्रीवास्तव के मुताबिक, ट्रेड शो में ब्रिटेन, ओमान, न्यूजीलैंड, मॉरीशस, कतर और ऑस्ट्रेलिया समेत उन देशों के आयतकों पर फोकस होगा, जिनके साथ भारत क फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (FTA) है। इसका मकसद यूपी के उत्पादों का ज्यादा से ज्यादा निर्यात सके। वहीं, जर्मनी, पुर्तगाल और स्पेन के कारोबारी भी इसमें हिस्सा लेंगे। इन देशों में भी उत्तर प्रदेश के उत्पादों की मांग बढ़ रही है।

**1.5 लाख अधिक बी-टू-बी मीटिंग:,** ट्रेड शो में 1.5 लाख से अधिक बिजनेस टू बिजनेस मीटिंग होंगी। इनमें उद्यमी, निर्यातक और विदेशी खरीदार संभावित व्यापारिक समझौतों पर चर्चा करेंगे। इसके अलावा करीब 3.5 लाख बिजनेस-टू-कंज्यूमर (बी-टू-सी) इंटरैक्शन होने की संभावना है। इसमें उपभोक्ताओं को भी उत्पादों के बारे में जानकारी दी जाएगी।